दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क किनारे मुंह और आंख में कपड़ा बंधा मिला सीएफ जवान का शव, जांच में जुटी पुलिस



दन्तेवाड़ा। जिले के किरन्दुल चोलनार मार्ग पर सड़क किनारे मुंह और आंख में कपड़ा बंधा मिला सीएफ जवान का शव 7 जिसको देखकर वहां के लोगों ने बता दिया कि यह सीएफए कैम्प में पदस्थ जवान है, लेकिन किरन्दुल एसडीओपी धीरेन्द्र पटेल ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए शव की शिनाख्त करने के लिए कंपनी कमांडर को बुलाने की बात कहते रहे.मिली जानकारी के अनुसार घटना किरन्दुल थानाक्षेत्र अंतर्गत किरन्दुल चोलनार मार्ग पर हुआ है. मृतक जवान का नाम वकील कुमार शिंदे है जो कि उत्तरप्रदेश का रहने वाला है. मृतक जवान चोलनार गांव के सीएएफ 17 नम्बर कम्पनी में तैनात था. पुलिस के मुताबिक जवान का तबियत खराब होने की वजह से वह आज इलाज के लिए किरंदुल अस्पताल आया हुआ था. इलाज के बाद वह अपने कैम्प चोलनार की तरफ जा रहा था, तभी अचानक उसके मुंह में कपड़ा आ गया और वह हादसे का शिकार हो गया. दुर्घटनाग्रस्त बाइक नंबर सीजी 18 ई 1488 है.

हादसे के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना के वक्त मृतक जवान को चोलनार सीएएफ कैम्प में पदस्थ होना बताया, लेकिन किरन्दुल एसडीओपी धीरेन्द्र पटेल ने शव शिनाख्त के लिए कंपनी कमांडर को बुलाया. जब तक कंपनी कमांडर ने शिनाख्त नहीं की पुलिस शव को अज्ञात ही बता रही थी. लेकिन घटना स्थल पर तस्वीरों को देखकर ऐसा लग रहा है कि जवान की कोई हादसे का शिकार नहीं हुआ बल्कि उसकी हत्या की गई है. मुंह और आंख में बंधा कपड़ा इसी ओर इशारा कर रहा है. फिलहाल यह जांच का विषय है कि यह दुर्घटना है या सोची समझी साजिश का हिस्सा है.

### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2018- दूसरे चरण के निर्वाचन की तैयारी जोरों पर



रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2018 के लिए ईवीएम मशीनों का कमिशनिंग कार्य कराया जा रहा है. मुंगेली, लोरमी, बिल्हा, विधानसभा क्षेत्र के लिए आए वोटिंग मशीनों को चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है. इन्हें 19 तारीख को मतदान दलों के साथ पोलिंग बूथों के लिए रवाना किया जाएगा. जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने बताया कि दूसरे चरण के निर्वाचन के लिए सभी तैयारियां कराई जा रही हैं. इसके लिए अधिकारी कर्मचारी जुट गए हैं.

दूसरे चरण के मतदान के लिए मुंगेली जिले के 5 लाख 13 हजार 773 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे.

### बोलेरो से साढ़े 5 लाख जब्त

महासमुंद (आरएनएस)। एनएच 53 पर ओडिशा सीमा से लगे रेहटीखोल के पास बुधवार सुबह तड़के वाहनों की चेकिंग के दौरान जांच टीम ने एक बोलेरो वाहन से साढ़े 5 लाख रुपए जब्त किए।

# 16 नवंबर को अंबिकापुर आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चुनावी सभा को करेंगे संबोधित



रायपुर। दूसरे चरण के चुनाव के लिए अंबिकापुर में आगामी 16 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी सभा को संबोधित करने आ रहे हैं.

अंबिकापुर में सरगुजा संभाग के बीजेपी प्रत्याशियों के पक्ष में आम सभा को संबोधित करेंगे. छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान के बाद दूसरे चरण में सरगुजा समेत अन्य स्थानों में मतदान 20 नवंबर को होना है. मिली जानकारी के मुताबिक मोदी हेलीकाप्टर से 10.25 पर वाराणसी से निकलकर 11.50 पर अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान पहुंचेंगे. इसके बाद वहीं पर बनाए गए सभा स्थल पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.

## अवैध टिकट के साथ युवक गिरफ्तार



रायपुर। अनुराग मीना मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल रायपुर के निर्देशन में रायपुर मंडल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रेलवे आरक्षित -ई- टिकट की दलाली करने वाले दलालों के विरुद्ध कार्यवाही के दौरान अपराध गुप्तचर शाखा रेसुब रायपुर के प्रभारी निरीक्षक बीके चौधरी, स.उ.नि. त्रिपाठी एल के यादव, पी के दुबे, डी के पांडेय और वीसी बनजारे के साथ समय 11 बजे प्रिन्स कम्युनिकेशन कबीर नगर रायपुर पहुंचे।

## हाईटेंशन लाइट की चपेट में आने से युवक की हुई दर्दनाक मौत



जांजगीर। जांजगीर चांपा जिले के - सक्ती क्षेत्र में हाई टेंशन करंट की चपेट में आ कर एक युवक की मौत हो गई मृतक की उम्र 25 से 26 साल की बताई जा रही है जानकारी के मुताबिक मृतक समुदाईक भवन के सामने बन रहे नव निर्मित भवन के दिवालो पर पानी छिड़काव कर रहा था तभी अचानक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है कि अपने कार्य मे इतना मशगूल था कि उसे उपर से गुजरे हाई वोल्टेज तार का ध्यान नही आया और उसकी चपेट में आ गया।

घटना के बाद मौजूद लोगों ने युवक को हॉस्पिटल लेकर गए जँहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## निर्वाचन में की लापरवाही 2 शिक्षक सस्पेंड

रायगढ़। निर्वाचन कार्य मे लापरवाही बरतने के कारण जिले के 2 शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया है। लैलूंगा के सहायक शिक्षक पंचायत दिनेश बेहरा की विधानसभा रायगढ़ के दल क्रमांक 148 में मतदान अधिकारी क्रमांक 3 में ड्यूटी लगाई गई थी।

प्रशिक्षण 13 नवम्बर की दोपहर शासकीय पालीटेक्निक में हुआ तो शिक्षक बेहरा द्वारा प्रशिक्षण के दौरान उदासीनता बरतते हुए बिना किसी सूचना के प्रशिक्षण छोड़कर चले गये और दोबारा नहीं आए। जिसके बाद उनके इस कृत्य को सिविल सेवा आचरण नियम के तहत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में बताकर निलंबित कर दिया गया है।

## मतदान कर्मियों ने सुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया मतदान





रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 के लिए पांचों विधानसभा के मतदान कर्मियों ने प्रशिक्षण स्थल में बने डाक मतदान सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत मतदान दल कर्मियों का 12 से 15 नवम्बर तक आयोजित दो पाली में द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित की जा रही है। जिसमें मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र प्रदाय कर डाक मतदान किया जा रहा है। विधानसभा लैलूंगा के मतदान दल कर्मियों को किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में, विधानसभा रायगढ़ के लिए कि. शास. पालीटेक्निक रायगढ़, विधानसभा सारंगढ़ के लिए केआईटी रायगढ़, विधानसभा खरसिया के लिए शास. नटवर उमावि रायगढ़ एवं विधानसभा धरमजयगढ़ के मतदान दल कर्मियों को नगर पालिक उ.मा.वि. रायगढ़ में प्रशिक्षण के साथ-साथ डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान का अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसे लेकर मतदान कर्मियों में उत्साह देखा गया एवं मतदान हेतु स्थापित सुविधा केन्द्र के माध्यम से अपना मतदान किया। 14 नवम्बर 2018 तक विधानसभा लैलूंगा-15 में 840, रायगढ़-16 में 1381, सारंगढ़-17 में 1227, खरसिया-18 में 1195 एवं धरमजयगढ़ 19 में 943 इस तरह कुल 5586 मतदान कर्मियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। 15 नवम्बर को सारंगढ़ विधानसभा के शेष मतदान दलों को केआईटी गढ़उमरिया में सुविधा केन्द्र के माध्यम से मतदान का अवसर प्राप्त होगा तथा जिले के वाहन चालकों एवं अन्य कर्मचारी एवं अधिकारियों को जिनकी निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है उन्हें पालीटेक्निक कालेज रायगढ़ के सुविधा केन्द्र में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान का अवसर प्राप्त होगा।

## नकाबपोश ने रिकवरी कर्मचारी से कट्टे की नोक पर 5 लाख लुटे

रायगढ़। शहर में असामाजिक गतिविधियों से जनता त्रस्त है वही ग्रामीण भी अपराधियों के अपराधिक कांड से भयभीत है। इस क्रम में लैलूंगा थाना क्षेत्र चिल्कागुड़ा ग्राम के पास बाइक सवार दो युवकों ने कट्टे की नोक पर तकादा कर्मचारी से 5 लाख नगद रकम लूट कर ले जाने का मामला सामने आया है। इस वारदात से अंचल में सनसनी फैल गई है लोगो मे दहशत के साथ चर्चा का माहौल उत्पन्न हो गया है।

इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा तहसील स्थित एमआर ट्रेडिंग कम्पनी गोपी अग्रवाल की फर्म के दो कर्मचारी दुकान का बकाया रकम हर बार की तरह स्विफ्ट कार से वसूली के निकले थे। दुकान का कर्मचारी गोपी व कार का ड्राइवर मनोज निकले थे। जहां ग्राम चिल्कागुड़ा के पास लगभग 5 बजे के आसपास दो बाइक सवार ने रास्ता रोकते हुए गोपी के कनपटी पर बंदूक लगाकर रुपये से भरा बैग की मांग किये। इस घटना से सहमा कर्मचारी एकाएक यह वारदात होने से हतप्रभ व भौचक रह गया। वही बैग नही देने पर छीन कर भाग खड़ा हुआ। बताया जा रहा है कि एमआर ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा घरघोड़ा मदन प्रोव्हिजन स्टोर को उधार पर सामान देते है। वही यह रकम अन्य कई अन्य दुकान से रकम वसूली कर लौट रहे थे।

वही लूट का शिकार हुए लोगो ने पुलिस को बताया कि वारदात में दो बाइक में चार लोग सम्मलित थे। फिलहाल मामले में मामला दर्ज आरोपियो की धरकपड़ करने में टीम गठित किया गया हैं।

### रेकी कर वारदात किये जाने की आशंका

इस वारदात के बाद पुलिसिया जांच पड़ताल से ज्ञात हुआ कि घटना को जाना पहचाना व्यक्ति सम्भवतः अंजाम दिया होगा। जिसमे वारदात को अंजाम देने से पूर्व रेकी भी किये जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। वही जिस तरह बंदूक आड़ाया गया था व तकादा कर्मचारियों के बताये मुताबिक यह वारदात पूर्व दिनों से सुनिश्चित थी। इस घटना से जिला पुलिस महकमे में खलबली मच गई है।

### बीच बस्ती में वारदात लोगो में खौफ

आरोपियों ने इस घटना में पुलिस व आम जनता को सोचने पर मजबूर कर दिया है। जहां बीच बस्ती व सरेराह बंदूक की नोक पर लूट करने की घटना से लोगो मे खौफ का मंजर है। इस वारदात के बाद फिलहाल क्राइम ब्रांच व आरोपियों की धरपकड़ के लिए स्पेशल टीम बनाया गया है। वही उच्चाधिकारियों द्वारा सतत निगरानी व नाकेबंदी कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

SJU - Contact No. +91 9301915303 | E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931